प्रवासी छात्र

स्वास्थ्य कवर

प्रवासी छात्र स्वास्थ्य कवर क्या है?

अंतिम बार नवम्बर 2012 में अपडेट की गई

- OSHC क्या है?
- प्रवासी छात्रों को OSHC की जरूरत क्यों है?
- कौन OSHC प्राप्त करने का पात्र है?
- मुझे कितने समय के लिए OSHC कवर की जरूरत है?
- OSHC क्या कवर करता है?
- क्या नहीं कवर है?
- क्या कोई प्रतीक्षा अवधि भी है?
- मेरा कवर कब शुरू होता है?
- ऑस्ट्रेलियन स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली
- प्रत्यक्ष बिलिंग करने वाला स्वास्थ्य प्रदाता कौन है?
- यदि मुझे चिकित्सा देखभाल की जरूरत हो तो मैं क्या करूँ?
- किसी दावे को, मैं कैसे प्रस्तुत करूँ?
- मुझे सहायता कहाँ मिल सकती है?
- मैं अपनी OSHC का नवीनीकरण कैसे करवा सकता/सकती हूँ?
- क्या होगा यदि मैं अपनी OSHC नवीनीकरण कराना भूल गया/गई?
- मैं ऑस्ट्रेलिया छोड रहा/रही हूँ और मेरा OSHC अभी समाप्त नहीं हुआ है, क्या मुझे धनवापसी मिल सकतीहै?

OSHC क्या है?

प्रवासी छात्र स्वास्थ्य कवर (OSHC) एक स्वास्थ्य बीमा है जो ऑस्ट्रेलिया में पढ़ाई करते समय चिकित्सा और अस्पताल में उपचार के लिए भुगतान करने में मदद करता है। इसमें निम्नलिखित शामिल है:

- GP के तौर पर जाने वाले किसी स्थानीय डॉक्टर से उपचार
- किसी अस्पताल से बाहर विशेषज्ञ द्वारा उपचार
- अस्पताल का चिकित्सीय उपचार
- नुस्खे द्वारा निर्धारित दवाएँ
- आपातकालीन ऐम्बुलेंस सहायता

Global Assistance

Allianz

प्रवासी छात्रों को OSHC की जरूरत क्यों है?

विद्यार्थी वीज़ा आवश्यकताएँ

यह एक वीज़ा आवश्यकता है कि प्रवासी छात्रों के पास उनके ऑस्ट्रेलिया में ठहरने की अवधि के लिए OSHC का होना आवश्यक है। यदि आप अपने विद्यार्थी वीज़ा की अवधि को बढ़वाते हैं तो आपके लिए अपनी OSHC बीमा पॉलिसी का नवीनीकरण करवाना भी आवश्यक है।

मन की शांति

ऑस्ट्रेलिया में चिकित्सीय उपचार को दुनिया भर के सर्वोत्तम उपचारों में से एक माना जाता है लेकिन यह महंगा हो सकता है। प्रवाली छात्र, "मेडीकेयर" के नाम से जानी जाने वाली ऑस्ट्रेलियन सार्वजनिक स्वास्थ्य बीमा प्रणाली के लिए पात्र नहीं होते हैं। बिना OSHC के आपको चिकित्सीय उपचार के लिए भुगतान करने में परेशानी हो सकती है, उदाहरण के लिए अस्पताल में उपचार की लागत $1500 प्रतिदिन से अधिक तक हो सकती है।

कौन OSHC प्राप्त करने का पात्र है?

विद्यार्थी वीज़ा धारक या वे, जो विद्यार्थी वीज़ा के लिए आवेदन कर रहे हैं, OSHC के लिए पात्र हैं।

विद्यार्थी वीज़ा धारक का जीवन-साथी, वितथ या बच्चे (18 वर्ष से कम की आयु के) भी एक उपयुक्त पारिवारिक OSHC बीमा पॉलिसी द्वारा कवर किये जा सकते हैं।

मुझे कितने समय के लिए कवर रहना होगा?

यह एक वीज़ा आवश्यकता है कि प्रवासी छात्रों के पास उनके ऑस्ट्रेलिया में ठहरने की अवधि के लिए OSHC का होना आवश्यक है। यदि आप अपने विद्यार्थी वीज़ा की अवधि को बढ़वाते हैं तो आपका OSHC बीमा पॉलिसी का नवीनीकरण करवाना भी ज़रूरी है।

OSHC क्या कवर करता है?

OSHC आपके ऑस्ट्रेलिया में रहने के दौरान चिकित्सा उपचार की लागत की ओर योगदान करता है। यह मेडीकेयर के समान ही है जो ऑस्ट्रेलियाई निवासियों के लिए चिकित्सा उपचार प्रदान करता है। साथ ही, OSHC में कुछ निजी अस्पतालों की सेवाएं और डे सर्ज़री, एम्बुलेंस कवर और नुस्खे द्वारा निर्धारित दवाओं के लिए लाभों तक पहुंच भी शामिल होती है।

निम्नलिखित विवरण इस बात की एक गाइड मात्र है कि क्या कवर किया जाता है, अधिक जानकारी के लिए कृपया बीमा पॉलिसी दस्तावेज और सदस्य गाइडों का संदर्भ लें।

प्रवासी छात्र स्वास्थ्य कवर क्या है?

सेवा	प्रत्येक सेवा पर मिलने वाले लाभ
अस्पताल से बाहर की चिकित्सा सेवाएँ	
अधिकांश सामान्य प्रैक्टीशनरों द्वारा प्रदान की जाने वाली चिकित्सा सेवाएं	मेडीकेयर लाभ निर्धारण-सूची (MBS) फीस का 100%
अन्य सभी चिकित्सा सेवाएँ जैसे कि पैथोलॉजी और रेडियोलॉजी (विशेषज्ञों सहित)	MBS फीस का 85%
अस्पताल में दी जाने वाली चिकित्सा सेवाएँ	
अस्पताल में प्रदान की जाने वाली चिकित्सा सेवाएँ	MBS फीस का 100%
सार्वजनिक अस्पताल	
अस्पताल में भर्ती होने पर साझा वार्ड में दाखिल मरीज़, उसी दिन मिलने वाली सेवाएँ, दुर्घटना और आपातकालीन व बाह्य-रोगी चिकित्सा और आपरेशन के बाद दी जाने वाली सेवाएँ	ऑस्ट्रेलिया के नागरिक न होने वाले मरीज़ों से सेवाओं के लिए ली जाने वाली राज्य और प्रांत स्वास्थ्य प्राधिकरण द्वारा निर्धारित दर
निजी अस्पताल / पंजीकृत डे अस्पताल सुविधा केन्द्र	
	साझा वार्ड में भर्ती होने की न्यूनतम राशि के साथ किसी अनुबंधित अस्पताल द्वारा उठाई गई सभी बीमा लागतों के लिए शुल्क का 100%।
नुस्खे द्वारा निर्धारित दवाएँ	
नुस्खे द्वारा दी जाने वाली वे दवाएँ जो आपके डॉक्टर द्वारा निर्धारित की गयी हैं	औषधीय लाभ योजना (PBS) दर का 100% जिसमें शामिल हैं: • प्रति निर्धारित मद के लिए अधिकतम $50 • सिंगल कवर के लिए, प्रति कैलेंडर वर्ष अधिकतम $300 • फैमिली कवर के लिए, प्रति कैलेंडर वर्ष अधिकतम $600 जिसमें अधिकतम $300 प्रति व्यक्ति शामिल है
एम्बुलेंस सेवाएँ	
आपातकालीन और चिकित्सा जरूरतों के लिए एम्बुलेंस परिवहन	परिवहन के लिए एक एम्बुलेंस सेवा का 100% शुल्क जब चिकित्सा के लिए ज़रूरी हो
शल्यक्रिया द्वारा लगाए गये कृत्रिम अंग	
संघीय सरकार की कृत्रिम अंग सूची में शामिल शल्यक्रिया द्वारा लगाए गये कृत्रिम अंग और अन्य मदें	100% लागत, जैसा कि ऑस्ट्रेलियन कृत्रिम अंग सूची में सूचीबद्ध किया गया है

प्रवासी छात्र स्वास्थ्य कवर क्या है?

मेडीकेयर और मेडीकेयर लाभ अनुसूची के बारे में अधिक जानकारी, मेडीकेयर सरकारी वेबसाइट पर मिल सकती है: http://www.medicareaustralia.gov.au

http://www.health.gov.au/internet/mbsonline/publishing.nsf/Content/Medicare-Benefits-Schedule-MBS-1

क्या नहीं कवर है?

नीचे दिये गये बहिष्करण केवल एक गाइड हैं। अधिक जानकारी के लिए कृपया उपयुक्त बीमा पॉलिसी दस्तावेज और सदस्य गाइड का संदर्भ लें।

बहिष्करण के उदाहरणों में शामिल हैं:

- दांतों का उपचार
- आंखों से संबंधित शुल्क
- फिजियोथेरेपिस्ट, अस्थि-चिकित्सक, काइरोप्रैक्टर, नैचुरोपैथ्स या कोई अन्य सहायक सेवाएँ
- इलैक्टिव कॉस्मेटिक सर्जरी
- सह-भुगतान और/या अंतर का भुगतान
- असिस्टेड प्रजनन कार्यक्रम
- ऑस्ट्रेलिया में पहुंचने के पहले 12 महीनों के बाद गर्भावस्था संबंधी उपचार;
- पहले 12 महीनों में पूर्व-मौजूदा स्थितियाँ
- दवाईयाँ जो किसी डॉक्टर द्वारा निर्धारित नहीं की गयीं या PBS में शामिल नहीं हैं
- चिकित्सा या अस्पताल सेवाएँ जो किसी ऐसी घटना के कारण उत्पन्न होती हैं जो एक सामान्य बहिष्करण के तौर पर सूचीबद्ध है

क्या कोई प्रतीक्षा अवधि भी है?

पहले से मौजूद परिस्थितियों पर किये गये दावों के लिए 12 महीनों की प्रतीक्षा अवधि मौजूद है।

पहले से मौजूद परिस्थिती कोई ऐसा रोग, बीमारी या स्थिति है जिसके संकेत या लक्षण ऑस्ट्रेलिया पहुंचने या विद्यार्थी वीज़ा दिये जाने से पहले के 6 महीनों की अवधि के दौरान मौजूद थे। पहले से मौजूद परिस्थितियों के निदान के लिए हमारे द्वारा अनुमोदित या निर्धारित किसी चिकित्सक का उपयोग किया जाएगा।

इस 12 महीनों की प्रतीक्षा अवधि की गणना ऑस्ट्रेलिया में पहुंचने की तारीख से या आपको विद्यार्थी वीज़ा दिये जाने की तारीख से की जाती है, दोनो में से जो भी ज़्यादा हो।

आपकी बीमा पॉलिसी के आधार पर, पहले से मौजूद मानसिक स्थितियों के लिए 2 महीने की प्रतीक्षा अवधि और गर्भावस्था से संबंधित उपचार के लिए 12 महीने की प्रतीक्षा अवधि मौजूद हो सकती है। ऊपर दी गई जानकारी केवल एक गाइड है पहले से मौजूद परिस्थितियों और बहिष्करणों के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया अपने बीमा पॉलिसी दस्तावेज और सदस्य गाइड का संदर्भ लें।

मेरा कवर कब शुरू और कब खत्म होता है?

अधिकतर शुरुआती विद्यार्थियों के लिए आपका कवर आपके शिक्षा संस्थान के माध्यम से, आपके आगमन से पहले व्यवस्थित कर दिया जाता है और आप जैसे ही ऑस्ट्रेलिया पहुँचते हैं आप कवर्ड होते(ती) हैं।

प्रवासी छात्र स्वास्थ्य कवर क्या है?

जारी रखने वाले विद्यार्थियों के लिए, उनके सदस्यता कार्ड पर दी गई अवधि समाप्ति तिथि तक वे कवर्ड होते(ती) हैं। कृपया जांच करें कि आपके पास अपना सदस्यता कार्ड हो और अपनी अवधि समाप्ति तिथि की जानकारी आपको हो जिससे कि आप अपने कवर को व्यवस्थित रख सकें।

ऑस्ट्रलियाई स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली

ऑस्ट्रेलिया की राष्ट्रीय स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली, सभी ऑस्ट्रेलियाई नागरिकों को स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करती है और पूरी दुनिया की सर्वोत्तम सेवाओं में से एक मानी जाती है। राष्ट्रीय प्रणाली को "मेडीकेयर" कहा जाता है और इसे कर-राजस्व द्वारा वित्त पोषित किया जाता है। मेडीकेयर चिकित्सा, अस्पताल और औषधीय लागतों के क्षेत्रों को कवर करता है लेकिन निजी अस्पताल लागतों, दंत-चिकित्सा, आंखों संबंधी चिकित्सा और इन जैसी सेवाओं को कवर नहीं करता है।

ऑस्ट्रेलियाई चिकित्सा प्रणाली निम्नलिखित घटकों से मिर्मित है:

- स्थानीय डॉक्टर, जिन्हें जनरल प्रैक्टिशनर या GPs कहा जाता है।
- विशेषज्ञ डॉक्टर
- सार्वजनिक अस्पताल
- निजी अस्पताल
- सार्वजनिक अस्पतालों में दुर्घटना और आपातकालीन विभाग

यदि मुझे चिकित्सीय उपचार की जरूरत हो तो मुझे क्या करना चाहिए?

जनरल प्रैक्टिशनर

यदि यह कोई चिकित्सा आपातकाल नहीं है तो सम्पर्क का पहला बिन्दु किसी स्थानीय चिकित्सा केन्द्र का एक जनरल प्रैक्टिशनर (GP) डॉक्टर होता है। किसी स्थानीय GP डॉक्टर से मिलने के लिए आपको फोन द्वारा भेट के लिए समय निर्धारित करना चाहिए। आप किसी डॉक्टर का पता हमारी वेबसाइट पर दिये गये हमारी "एक डॉक्टर तलाशें" सुविधा का इस्तेमाल करके कर सकते(ती) हैं, जिसमें ऑस्ट्रेलिया भर में प्रत्यक्ष बिलिंग करने वाले सैकड़ों डॉक्टर सूचीबद्ध हैं। www.oshcallianzassistance.com.au/doctor

चिकित्सा केन्द्र पर डॉक्टर आपसे आपके स्वास्थ्य के बारे में सवाल पूछेंगे और एक संक्षिप्त शारीरिक जांच करेंगे। फिर इसके बाद वे आपको आपकी चिकित्सीय स्थिति के उपचार के बारे में सलाह देंगे, जिसमें आगे किसी जांच या उपचार के लिए रेफर किया जाना शामिल हो सकता है।

प्रत्यक्ष बिलिंग करने वाले चिकित्सा केन्द्रों पर आपको अपना सदस्यता कार्ड और एक फोटो आईडी ले जाना ज़रूरी होगा ताकि वे आपकी सेवा के कवर्ड हिस्से के लिए हमें सीधे बिल भेज सकें। अन्यथा, आप ऑस्ट्रेलिया में मौजूद अन्य हजारों में से किसी एक GP से मिलने के लिए स्वतंत्र हैं हालांकि, वहाँ आपको पहले बिल का भुगतान करना होगा और फिर बाद में हमारे पास दावा प्रस्तुत करना होगा।

कुछ चिकित्सा प्रदाता, सेवा के समय आपसे एक 'अंतर' फीस ले सकते हैं जो कि मेडीकेयर लाभ अनुसूची (MBS) फीस से ऊपर की एक फीस है जो हम आपके OSHC के हिस्से के तौर पर अदा करते हैं। आपको उस अंतर फीस का भुगतान करना होगा जो कि ऑस्ट्रेलिया निवासियों और अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थियों के लिए एक समान है।

स्थानीय चिकित्सा केन्द्र, कई चिकित्सा सेवाओं द्वारा सहायता करता है, जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

प्रवासी छात्र स्वास्थ्य कवर क्या है?

- सामान्य दवा: शारीरिक जांचें, पैथोलॉजी (रक्त जांच), त्वचा जांचें, पोषण संबंधी सलाह, सिगरेट छोड़ने में सहायता
- स्वास्थ्य समस्याओं और चोटों के मूल्यांकन और उपचार
- प्राथमिक चिकित्सा सेवाएँ, जैसी ज़रूरी हों
- सामान्य नैदानिक जांचें: कुछ शामिल हैं मूत्र गर्भावस्था परीक्षण, मूत्र का रासायनिक परीक्षण, रक्तचाप रीडिंग, ब्लड शुगर परीक्षण
- महिलाओं का स्वास्थ्य: गर्भनिरोधक सलाह, पैप स्मीयर, यौन स्वास्थ्य जांच, गर्भावस्था परीक्षण और सलाह, स्तन परीक्षण
- पुरुषों का स्वास्थ्य: यौन स्वास्थ्य जांच, प्रौस्टेट जांचें
- स्वास्थ्य संबंधी परामर्श: स्वास्थ्य समस्या संबंधी परामर्श और निजी समस्या परामर्श इसमें शामिल है
- विशेषज्ञ सेवाओं को रेफरल

आप हमारे 24 घंटे की चिकित्सा सहायता हेल्पलाइन 1800 814 781 पर फोन करके किसी नर्स से भी बात कर सकते(ती) हैं।

दुर्घटना और आपातकालीन उपचार

प्रत्येक सार्वजनिक अस्पताल में एक 24 घंटों का एक आपातकालीन और आपदा विभाग होता है जहाँ आप आपातकालीन स्थितियों के लिए मदद प्राप्त कर सकते(ती) हैं।

आपातकालीन विभाग में लोगों का मूल्यांकन किया जाता है और उनकी चिकित्सा स्थिति की गंभीरता के अनुसार उनका उपचार किया जाता है। सबसे अधिक गंभीर समस्याओं वाले मरीजों को सबसे पहले देखा और इलाज किया जाता है। यदि आप कम गंभीरता वाली चिकित्सीय स्थिति के लिए आपातकालीन विभाग में जाते(ती) हैं तो आपको डॉक्टर से मिलने के लिए काफी लंबे समय तक इंतजार करना पड़ सकता है।

यदि कोई चिकित्सीय आपातकालीन स्थिति है तो आपको पूरे ऑस्ट्रेलिया में आपातकालीन नम्बर 000 पर फोन करना चाहिए। एक 000 ऑपरेटर एक एम्बुलेंस का इंतजाम भी कर सकता(ती) है।

अस्पताल में उपचार

यदि आपको किसी GP द्वारा इलाज करवाने के लिए किसी अस्पताल में भेजा गया है तो आपको 1800 651 349 पर हमसे तत्काल सम्पर्क करना चाहिए। आपको हमें अपने उपचार और अस्पताल में रुकने का विवरण देना होगा। हम फिर अस्पताल को भुगतान करने की व्यवस्था करने में आपकी सहायता कर सकते हैं।

सार्वजनिक अस्पताल

आम तौर पर, हम आपके किसी सार्वजनिक अस्पताल के साझा वार्ड में एक इन-पेशेंट के तौर पर भर्ती होने और उपचार कराने की पूरी लागत को कवर करते हैं। आपके अस्पताल से डिस्चार्ज हो जाने पर, आपकी देखभाल या तो आउट-पेशेंट क्लीनिक में या अस्पताल के विशेषज्ञ डॉक्टर के निजी कक्षों में की जायेगी या आपको आपके स्थानीय GP के पास भेजा जाएगा।

निजी अस्पताल

आप किसी निजी अस्पताल में उपचार का चयन कर सकते(ती) हैं। हम उपचार और साझा वार्ड में भर्ती पर लाभ से योगदान देंगे। यदि आप एक निजी मरीज हैं, तो हम अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान डॉक्टर द्वारा दी गई मेडीकेयर लाभ अनुसूची (MBS) फीस का 100% कवर करेंगे। किसी निजी अस्पताल में आपकी अंतर फीस काफी अधिक हो सकती है, जो आपकी OSHC बीमा पॉलिसी द्वारा कवर नहीं होती।

प्रवासी छात्र स्वास्थ्य कवर क्या है?

विशेषज्ञ डॉक्टर और निजी स्वास्थ्य सेवाएँ

अपने डॉक्टर के साथ अपने प्रारंभिक परामर्श के बाद, अगर आपको अतिरिक्त विशेषज्ञ देखभाल या उपचार की आवश्यकता होती है तो आपके डॉक्टर आपको एक विशेषज्ञ चिकित्सक को रेफर करेंगे।

प्रत्यक्ष बिलिंग करने वाला स्वास्थ्य प्रदाता कौन है?

हमने पूरे ऑस्ट्रेलिया में सैकड़ों चिकित्सा प्रदाताओं के साथ ये व्यवस्थाएँ की है कि वे किसी चिकित्सीय उपचार की कवर्ड राशि के लिए हमें सीधे बिल करें। इसका मतलब यह है कि आपको बस हमारे प्रत्यक्ष बिलर्स को अपना सदस्यता कार्ड दिखाना होगा और आपको कोई दावा पेश करने की जरूरत नहीं होगी।

कुछ चिकित्सा प्रदाता सेवा के समय एक 'अंतर' शुल्क ले सकते हैं, लेकिन बाकी के बिल का भुगतान सीधे हमारे द्वारा किया जाएगा।

आप हमारी वेबसाइट पर अपनी निकटतम डायरेक्ट बिलिंग चिकित्सा प्रदाता को तलाश सकते हैं: www.oshcallianzassistance.com.au/doctor

कोई दावा मैं कैसे प्रस्तुत करूँ?

एक सफल दावा पेश करने के लिए आपको मूल रसीदों और/या बिलों तथा अन्य प्रासंगिक दस्तावेजों की जरूरत होगी। आप तीन में से एक तरीके से दावा पेश कर सकते(ती) हैं:

ऑन कैम्पस दावे

कई शिक्षा संस्थानों में उपलब्ध परिसर में दावा करने से संबंधित सेवा उपलब्ध है जिसके बारे में हमारे ग्राहक सेवा प्रतिनिधियों में से किसी एक से बात करके जानकारी मिल सकती है द्वारा है। वे $105 तक के दावों का निपटान कर सकते हैं और आपको ऑस्ट्रेलिया पोस्ट आउटलेट पर कैश कराए जा सकने योग्य वाउचर दे सकते हैं। आप स्थानीय ग्राहक सेवा प्रतिनिधि के स्थान और खुलने के समयों की जांच हमारी वेबसाइट पर दिये गये विद्यार्थी खंड पर जाकर कर सकते(ती) हैं।

ऑनलाइन

1. हमारी वेबसाइट www.oshcallianzassistance.com.au पर जाएँ और अपने बीमा पॉलिसी नम्बर, नाम और जन्म तिथि का इस्तेमाल करके विद्यार्थी खंड में लॉग इन करें।
2. एक बार लॉग इन करने के बाद, दावा पेश करने के लिए केवल दिये गये निर्देशों का चरण-दर-चरण पालन करें
3. ऑनलाइन दावे के प्रस्तुत करते समय दिये गये संदर्भ नम्बर को रिकॉर्ड करें और इसे अपने मूल बिल और/या रसीदों के पीछे लिख लें
4. मूल बिल और/या रसीदों को निम्न पते पर भेजें

   एलायंस ग्लोबल असिसटेंस (Allianz Global Assistance) OSHC
Locked Bag 3001
Toowong QLD 4066

डाक द्वारा

1. अपने शिक्षा संस्थान से या हमारी वेबसाइट से डाउनलोड करके दावा प्रपत्र प्राप्त कीजिए।
2. दावा प्रपत्र पूरा करें और अपने मूल बिल और/या रसीदों को साथ में जोड़ें

3. मूल बिल और/या रसीदों को निम्न पते पर भेजें

एलायंस ग्लोबल असिसटेंस (Allianz Global Assistance) OSHC
Locked Bag 3001
Toowong QLD 4066

इसे और भी आसान बनाने के लिए, पहले से भुगतान किये हुए, पहले से पते लिखे लिफाफे कई शिक्षा संस्थानों में उपलब्ध हैं या आप एक हमें 13 OSHC (13 6742) पर संपर्क करके, इनको मंगवा सकते(ती) हैं।

मुझे सहायता कहाँ मिल सकती है?

ग्राहक सेवा प्रतिनिधि

एलायंस ग्लोबल असिसटेंस ग्राहक सेवा प्रतिनिधि सप्ताह के दौरान विभिन्न समयों पर ऑस्ट्रेलिया भर में कई शिक्षा संस्थानों में मौजूद होते हैं। वे वहाँ पर आपके सवालों के जवाब देने के लिए मौजूद हैं और परिसर में किये गये दावों को निबटा सकते(ती) हैं। समय और स्थानों के लिए हमारी वेबसाइट के छात्र खंड पर जाएं: https://www.oshcallianzassistance.com.au/member_student/need_help.aspx

स्वंय सेवा क्षेत्र

कुछ संस्थानों में एक OSHC स्वंय सेवा क्षेत्र होता है जहाँ आप काफी सहायक OSHC जानकारी प्राप्त कर सकते(ती) हैं जिसमें दावे के फॉर्म, पहले से भुगतान किये गये लिफाफे शामिल हैं।

ऑनलाइन

आप हमारी वेबसाइट पर काफी सहायक जानकारी प्राप्त कर सकते(ती) हैं: www.oshcallianzassistance.com.au

फोन द्वारा:

दोस्ताना और उपयोगी सलाह के लिए आप हमें 6742 13 (13 OSHC) पर भी फोन कर सकते(ती) हैं

OSHC आई फोन एप्प

अपने खाते को प्रबंधित करने के लिए और अपने फोन पर GPS का उपयोग कर अपने स्थानीय डॉक्टर को खोजने के लिए मुफ्त OSHC iPhone डाउनलोड करें। www.oshcallianzassistance.com.au/app

मैं अपनी OSHC का नवीनीकरण कैसे करवा सकता(ती) हूँ?

यदि आपका OSHC, आपके विद्यार्थी वीज़ा के खत्म होने से पहले समाप्त हो रहा है, तो यह सुनिश्चित करना आपकी जिम्मेदारी है कि आप अपने OSHC का नवीनीकरण करें या यदि आप एक विद्यार्थी वीज़ा को बढ़ाने के लिए आवेदन कर रहे(ही) हैं, तो आपको अप्रवासन विभाग को साबित करना होगा कि आपके पास OSHC है।

आप अपनी बीमा पॉलिसी का नवीनीकरण करवा सकते(ती) हैं:

- www.oshcallianzassistance.com.au पर ऑनलाइन जाकर, अपने क्रेडिट कार्ड के इस्तेमाल से

प्रवासी छात्र स्वास्थ्य कवर क्या है?

- हमारे ग्राहक सेवा प्रतिनिधि के साथ परिसर पर और हमारी ओर से कुछ शिक्षा संस्थानों संग्रह प्रीमियमों द्वारा।
- डाक द्वारा एक नवीनीकरण फार्म के साथ एक चेक या मनी-आर्डर भेजकर, जो हमारी वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है।

यदि मैं अपनी OSHC को नवीनीकरण करवाना भूल जाऊं तो क्या होगा?

यह सुनिश्चित करना आपकी जिम्मेदारी है कि आपकी OSHC हमेशा वैध बनी रहे। यदि आप विद्यार्थी वीज़ा पर रहने के दौरान अपनी बीमा पॉलिसी को समाप्त होने देते(ती) हैं और आप अपने OSHC का नवीनीकरण करवाना चाहते(ती) हैं तो उस चूक वाली अवधि के लिए प्रीमियमों का भुगतान करना ज़रूरी है। विस्तारित अवधि के लिए अपने OSHC की चूक वाली अवधि के दौरान भुगतान किए गए दावों के लिए कोई लाभ देय नहीं है।

मैं ऑस्ट्रेलिया छोड़ रहा(ही) हूँ और मेरा OSHC अभी समाप्त नहीं हुआ है, क्या मैं धन-वापसी प्राप्त कर सकता(ती) हूँ?

आप अपनी बीमा पॉलिसी प्रीमियम के असमाप्त हिस्से की धन-वापसी के लिए लिखित रूप में आवेदन कर सकते(ती) हैं, यदि:

- आपने अपने प्रीमियम का भुगतान किया था और ऑस्ट्रेलिया नहीं आए
- आपने अतिरिक्त समय के लिए रहने के आधार पर अपने प्रीमियम का भुगतान किया था, लेकिन अप्रवासन विभाग द्वारा आपको अतिरिक्त समय नहीं दिया गया
- आप पढ़ाई रोकने के लिए मजबूर हैं और अपने नियंत्रण से परे कारणों से ऑस्ट्रेलिया छोड़ कर जाने के लिए बाध्य हैं
- आपको ऑस्ट्रेलिया में स्थायी निवास प्रदान किया गया है
- जब आप एक विद्यार्थी वीज़ा पर थे(थीं) तो आप ऑस्ट्रेलिया में 3 महीने या अधिक की एक सतत अवधि के लिए निवासी नहीं थे(थीं)
- आप किसी अन्य संगठन द्वारा उपलब्ध कराई गई OSHC के सबूत पेश कर सकते(ती) हैं, जिसमें संगठन द्वारा प्रदान की गई अवधि शामिल है

कृपया नोट करें:

प्रवासी छात्र स्वास्थ्य कवर क्या है?

- धन-वापसी की गणना यथानुपात मासिक आधार पर की जाती है, कम से कम एक महीने की वापसी के साथ
- यदि आपके ऑस्ट्रेलिया में रहने के दौरान कवर रद्द कर दिया गया है तो कम से कम 3 महीनों का न्यूनतम कवर देय है
- इन आधारों पर रखी गई किसी राशि को आपकी धन-वापसी के संसाधन की एक फीस माना जाता है
- यदि कवर ऑस्ट्रेलिया में पहुंचने से पहले ही रद्द कर दिया गया था तो कोई भी न्यूनतम कवर अवधि देय नहीं होती है